Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Estd. 1861

# BOYS' HIGH SCHOOL AND COLLEGE
## FIRST TERM EXAMINATION (2025-26)
## CLASS - IX
## HINDI

**Time: 3 hrs** **M.M - 80**

**The paper comprises two sections section A and Section B.**
**Attempt any four questions from section A. Attempt any four questions from Section B answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.**

**Section – A (40 marks)**
**(Attempt all Questions)**

### Question – 1
**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-** **[15]**

I. 'प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ भारत' इस अभियान को सफल बनाने हेतु सरकार के तथा अपने प्रयासों पर एक प्रस्ताव लिखिए |
II. भारत विविधिताओं का देश है, यहाँ के प्रत्येक राज्य की अपनी ही विशेषताएं हैं | विषय को ध्यान में रखते हुए किसी एक राज्य की यात्रा का वर्णन करें तथा वहाँ के खान-पान, रहन-सहन तथा प्राकृतिक-सौंदर्य को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव लिखिए |
III. जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ-साथ सुख सम्रद्धि भी देते है | विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है | अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन करें तथा यह खेल भविष्य में आपको कैसे लाभान्वित कर सकता है ? एक निबंध में अपनी भविष्य की योजनाएं भी बताइए |
IV. 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' पंक्ति से आरम्भ करते हुए अपने जीवन से सम्बंधित एक मौलिक कहानी लिखिए |
V. प्रस्तुत चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई घटना तथा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



### Question-2
**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी मे लगभग 120 शब्दो में पत्र लिखिए।** **[7]**

I. एक दिन आप किसी होटल में गये | वहां आपने बालश्रम होते हुए देखा | इसकी शिकायत करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री को पत्र लिखिए |
II. आपकी बड़ी बहन जिसके लिए वह जोरों शोरों से तैयारी कर रही है | उस परीक्षा में वह सफल हो जाए, ऐसी कामना करते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए |

### Question-3
**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए। उत्तर यथासंभव अपनी भाषा मे होने चाहिए।** **[10]**

संत कबीर ने स्थान-स्थान पर जाकर पर्याप्त भ्रमण किया था। घुमक्कड़ होने के कारण ही उनकी भाषा में अरबी, फारसी, भोजपुरी, मगही, पंजाबी, राजस्थानी आदि अनेक भाषाओं के शब्द आ गए हैं। उनकी बोलचाल की अनपढ़ भाषा विविध आंचलिक शब्दों, उक्तियों तथा अपभ्रंश शब्दों से युक्त है। इसलिए आचार्य रामचंद्र शुक्ल इसे सधुक्कड़ी भाषा कहकर पुकारते हैं। वैसे उनकी भाषा किसी प्रकार की हो, परंतु उन्हें भाषा पर पूर्ण अधिकार था। वे जानते थे कि किस भाव को व्यक्त करने के लिए कौन-सा शब्द

उपयुक्त होगा। यही कारण है कि भाषा चुपचाप उसी भाव को प्रकट करने लगती है। इसी ओर संकेत करते हुए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है- "भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा, उसे उसी रूप में भाषा से करवा दिया है - बन आया है तो सीधे-सीधे नहीं तो दविश देकर, भाषा कबीर के सामने कुछ लाचार सी नजर आती है। उसमें मानो हिम्मत नहीं है कि इस लापरवाह फक्कड़ को इनकार कर सके। जैसी ताकत कबीर की भाषा में है, वैसी बहुत कम लेखकों में पाई जाती है। इस प्रकार बोलचाल की चलताऊ तथा विविध भाषाओं के शब्दों से युक्त तथा व्याकरण के बंधनों से मुक्तभाषा के माध्यम से कबीर ने गंभीर विषय का अत्यंत सरल रूप प्रस्तुत किया है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन सत्य ही है। सच पूछा जाए तो आज तक हिंदी में ऐसा जबरदस्त व्यंग्य लेखक पैदा ही नहीं हुआ। उसकी साफ चोट करने वाली भाषा, बिना कहे भी सब कुछ कह देन वाली शैली अत्यंत सही, किंतु अत्यंत तेज प्रकाशन अनन्य असाधारण है।

I. कबीर का स्वभाव कैसा था और उसके कारण उन्हें क्या कहा जाता था?
II. कबीर की भाषा में कौन-सी विशेषताएँ पाई जाती हैं?
III. आचार्य शुक्ल ने कबीर की भाषा के विषय में क्या कहा है?
IV. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने कबीर की भाषा के संबंध में क्या कहा है?
V. कबीर की भाषा को मुक्त भाषा क्यों कहा गया है?

EXPERTS' Institute JAVA Python

**Question – 4** **[8]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-**

1) 'अग्नि' का पर्यायवाची बताइए |
   a. अनिल
   b. अनल
   c. पवन
   d. पावन
2) 'मीठा' की भाववाचक संज्ञा बताइए |
   a. मिठाई
   b. मिठास
   c. मीठापन
   d. मीठ
3) 'आसमान से बातें करना' मुहावरे का अर्थ बताइए |
   a. दूरदर्शी होना
   b. काफी ऊचा होना
   c. उड़ जाना
   d. सभी ओर से लाभ होना
4) 'श्रम' शब्द का विशेषण बताइए |
   a. श्रमिक
   b. श्रममय
   c. आश्रमिक
   d. श्रमण
5) 'वरिक्ष; शब्द का शुद्ध रूप बताइए |
   a. व्रक्ष
   b. वृक्ष
   c. व्रिक्ष
   d. इनमे से कोई नही
6) बीमार होने के कारण सुमन समारोह में नही आ सकी ('इसलिए' का प्रयोग कर वाक्य को पुनः लिखिए ) |
   a. बीमारी के कारण सुमन समारोह में नहीं आ सकी |
   b. सुमन बीमार थी इसलिए समारोह में नहीं आ सकी |
   c. समारोह में सुमन इसलिए नही आ सकी क्योंकि वह बीमार थी |
   d. इनमे से कोई नही |
7) माँ ने पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित किया | (वाक्य को वर्तमान काल में बदलिए)
   a. माँ पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित कर रही है |
   b. माँ पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित करती है |
   c. माँ पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित करना चाहती है |
   d. माँ पुत्र को तप करने के लिए प्रेरित करेगी |
8) 'तालाब' का पर्यायवाची शब्द बताइए |
   a. सरोवर
   b. सर्वर
   c. सरिता
   d. समर

## Section – B (40 Marks)

**(खण्ड - ख)**

इस खण्ड में केवल चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये |

### साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियाँ )

**Question – 5**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

रमजान ने ठंडी साँस भरी। उसने रसीला को ठहरने का संकेत किया और स्वयं कोठरी में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने कुछ रुपये रसीला की हथेली पर रख दिए। रसीला के मुँह से एक शब्द भी न निकला। सोचने लगा बाबू साहब की मैंने इतनी सेवा की पर दुःख में उन्होंने साथ न दिया। रमजान को देखो गरीब है, परंतु आदमी नहीं देवता है। ईश्वर उसका भला करें।

-(बात अठन्नी की)

i. रमजान कौन है ? उसका परिचय दीजिये | [2]
ii. रसीला और रमजान किस-किस के यहाँ काम करते थे ? उन दोनों में क्या समानता थी | [2]
iii. रसीला ने रमजान को देवता क्यों कहा ? समझा कर लिखिए | [3]
iv. कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ? [3]

**Question – 6**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

"वह बाहर आया और रमज़ान को सारी बात सुना दी। रमज़ान बोला, "बस इतनी-सी बात ! हमारे शेख साहब तो उनके भी गुरु हैं। आज भी एक शिकार फँसा है। हज़ार से कम तय न होगा। भैया, गुनाह का फल मिलेगा या नहीं, यह तो भगवान जाने, पर ऐसी ही कमाई से कोठियों में रहते हैं और एक हम हैं कि परिश्रम करने पर भी हाथ में कुछ नहीं रहता ।"

-(बात अठन्नी की)

i. इंजीनियर साहब के रिश्वत लेने की बात रसीला के सामने कैसे आयी ? [2]
ii. रसीला कि नज़रों में पैसा कमाने का आसान तरीका कौन-सा था ? [2]
iii. "हमारे शेख साहब उनके भी गुरु है |" शेख साहब कौन थे ? इन पंक्तियों के आधार पर शेख साहब के चरित्र पर प्रकाश डालिए | [3]
iv. कोठियों में रहने वाले लोगों की किस प्रवृत्ति की ओर संकेत किया गया है एवं किस प्रकार के व्यक्तियों के हाथ कुछ नहीं रहता ? उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर बताइये | [3]

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

**Question – 7**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

"उसने कोई बहाना न बनाया | चाहता तो कह सकता कि यह साजिश है | मैं नौकरी नहीं करना चाहता इसलिए हलवाई से मिलकर मुझे फँसा रहे हैं, पर एक और अपराध करने का साहस वह न जुटा पाया | उसकी आखें खुल गयी थीं |"

-(बात अठन्नी की)

I. किसे कौन फँसा रहा था ? [2]

II. रसीला कौन है ? उसका परिचय दीजिये | [2]

III. हमें अपने नौकरों से कैसा व्यवहार करना चाहिए ? कहानी के आधार पर उदाहरण देकर समझाइए | [3]

IV. इस कहानी में लेखक ने समाज की कौन-सी बुराई को प्रकट करने का प्रयास किया है ? क्या वे अपने प्रयास में सफल हुए ? समझाकर लिखिए | [3]

**साहित्य सागर (पद्य भाग )**

**Question – 8**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार ।
ताते ये चाकी भली, पीस खाय संसार ||
सात समंद की मसि करौं, लेखनि सब बनराय ।
सब धरती कागद करौं, गुरु गुन लिखा न जाय।| (साखी)

i. कबीरदास जी ने पहाड़ पूजने की बात क्यों कही है ? इस दोहे के माध्यम से वे हमें क्या संदेश देना चाहते हैं ? मूर्ति पूजा के बारे में उनके क्या विचार थे ? [2]

ii. उन्होंने चक्की की तुलना किससे की है? वे उसे अच्छा क्यों मानते हैं ? [2]

iii. उन्होंने 'स्याही' और 'लेखनी' किसे बनाने की बात कही है? वे किस पर गुरु कथा लिखना चाहते हैं ?] [3]

iv. 'गुरु गुन लिखा न जाए' इस कथन से उनका क्या आशय है? समझाकर लिखिए। संत कबीर की भक्ति - भावना की विशेषताएँ बताइए और वह कैसे भगवान की पूजा करना चाहते थे? [3]

**Question – 9**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

साँई सब संसार में, मतलब का व्यवहार ।
जब लग पैसा गाँठ में, तब लग ताको यार ।।
तब लग ताको यार, यार संग ही संग डोले।
पैसा रहे न पास, यार मुख से नहिं बोले ||
कह 'गिरिधर कविराय', जगत यहि लेखा भाई ।
करत बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई ।। -(गिरिधर की कुंडलियाँ)

i. संसार में लोग कैसा व्यवहार करते हैं ? [2]

ii. लोग मित्र किसे बनाते है और क्यों ? [2]

iii. लोग किनसे बातें करना पसंद नहीं करते और क्यों ? [3]

iv. किस प्रकार के लोग बिरले होतें है ? समझाकर लिखिए | [3]

**Question – 10**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढिये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए |**

लाठी में गुण बहुत हैं, सदा राखिए संग।
गहरि नदी, नारी जहाँ, तहाँ बचावै अंग ।।
तहाँ बचावै अंग, झपटि कुत्ता कहँ मारै ।
दुश्मन दावागीर, होयँ तिनहूँ को झारै ।।
कह 'गिरिधर कविराय' सुनो हो धूर के बाठी ।
सब हथियार न छाँड़ि, हाथ महँ लीजै लाठी ॥ -(गिरिधर की कुंडलियाँ )

i. इस कुंडली में किसकी उपयोगिता बताई गयी है ? कवि ने किस समय मनुष्य को लाठी रखने का परामर्श दिया है ? [2]

ii. लाठी हमारे शरीर की सुरक्षा किस प्रकार करती है ? [2]

iii. लाठी किन तीनों से निपटने में सहायक होती है और किस प्रकार ? [3]

iv. कवि सब हथियार छोड़ कर लाठी लेने की बात क्यों कर रहें है ? अपने विचार व्यक्त करते हुए कुंडलियाँ लेखन का उद्देश्य स्पष्ट कीजिये | [3]

********************************